# सुको के आदेश की गलत हो रही व्याख्या

**नई दिल्ली, 25 मई. उच्चतम न्यायालय ने एक एनजीओ की ओर से दायर उस याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया है जिसमें यह स्पष्टीकरण मांगा गया था कि कुछ खास परिस्थितियों में कुत्तों को दया मृत्यु देने की अनुमति देने वाले उसके हालिया आदेश का अर्थ आवारा कुत्तों को अंधाधुंध मारने की मंजूरी देना नहीं निकाला जाना चाहिए.**

याचिका एनजीओ एनिमल्स आर पीपल टू ने दायर की थी. इसमें चिंता जतायी गयी थी कि अधिकारी कुत्तों को गैरकानूनी तरीके से मारने या उन्हें हटाने को सही ठहराने के लिए अदालत के निर्देशों की गलत व्याख्या कर रहे हैं. इस मामले में पेश हुए अधिवक्ता ने दलील दी कि



उच्चतम न्यायालय के आदेश की गलत व्याख्या की जा रही है और इसे कानून के खिलाफ जाकर लागू किया जा रहा है. पंजाब के मुख्यमंत्री के एक सार्वजनिक बयान का जिक्र करते हुए अधिवक्ता ने कहा, पंजाब के मुख्यमंत्री ने ट्वीट किया है कि उच्चतम न्यायालय ने सभी स्वानों को मारने की खुली छूट दे दी है.

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने टिप्पणी की कि सार्वजनिक पद संभालने वाले लोगों के बयानों के आधार पर अदालत से आदेश में बदलाव की उम्मीद नहीं की जा सकती. न्यायमूर्ति नाथ ने कहा कि अगर मुख्यमंत्री कोई बयान देते हैं, तो क्या इसका मतलब यह है कि हमें अपना आदेश बदलने की जरूरत है. शीर्ष अदालत ने आदेश में सख्त वैधानिक नियमों के अनुसार रैबीज पीड़ित प्रत्यक्ष रूप से खतरनाक या आक्रामक कुत्तों को दया मृत्यु देने की अनुमति दी थी.

### ज्यादा भावुक होने की जरूरत नहीं : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, 25 मई. सुप्रीम कोर्ट ने कॉकरोच जनता पार्टी यानी सीजेपी से जुड़ी याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति जताई है .हालांकि भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने साफ किया कि मामले में तत्काल सुनवाई की जरूरत नहीं है .सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान सीजेपी ने कहा कि इस मामले को ज्यादा भावुक होकर न लें. याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने अदालत में कहा कि कुछ लोग न्यायपालिका की छवि खराब कर रहे हैं और कोर्ट में हुई मौखिक टिप्पणियों का व्यावसायिक इस्तेमाल किया जा रहा है .एक अन्य वकील ने कथित फर्जी वकीलों और फर्जी डिग्री के मामलों की सीबीआई जांच की मांग उठाई. दाखिल याचिका में अदालत से अनुरोध किया गया है कि सीजेपी से जुड़ी गतिविधियों की जांच कराई जाए और उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए. विवाद 15 मई की सुनवाई के बाद शुरू हुआ था.

## आत्मघाती हमले में 82 पाक सैनिकों की मौत

**क्वेटा, 25 मई.** क्वेटा के रेलवे स्टेशन पर हुए भीषण आत्मघाती हमले ने पूरे पाकिस्तान को दहला दिया है. अलगाववादी संगठन बलोच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने दावा किया है कि इस हमले में 82 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए और 121 घायल हुए हैं. हालांकि पाकिस्तान सरकार की ओर से अभी आधिकारिक तौर पर इन आंकड़ों की पुष्टि नहीं की गई है. हमले का निशाना बनी जफर एक्सप्रेस में बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों के जवान और उनके परिवार यात्रा कर रहे थे. विस्फोट रेलवे स्टेशन परिसर में उस समय हुआ, जब ट्रेन रवाना होने की तैयारी में थी. धमाका इतना जोरदार था कि स्टेशन का बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और आसपास भगदड़ मच गई.

# बदलाव के ऐतिहासिक दौर से गुजर रही सेना

▸ सेना के एकीकरण को मजबूत करना हमारा उद्देश्य : चौहान

**नई दिल्ली 25 मई. प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि सेना बदलाव के दौर से गुजर रही है और इसका उद्देश्य तीनों सेनाओं के बीच एकीकरण को मजबूत करना, संचालन तालमेल को बढ़ाना और भविष्य की युद्ध संबंधी जरूरतों के हिसाब से क्षमताएं विकसित करना है.**

जनरल चौहान ने सोमवार को यहां मानेकशॉ सेंटर में मुख्यालय, एकीकृत स्टाफ और सैन्य मामलों के विभाग के जूनियर कमीशन अधिकारियों (जेसीओ), अन्य रैंकों (अन्य) और सिविल स्टाफ़ को संबोधित करते हुए एकीकरण,



आत्मनिर्भरता और नवाचार को सशस्त्र बलों में चल रहे बदलाव के मार्गदर्शक स्तंभ करार दिया। इस संवाद के दौरान जनरल चौहान ने कहा कि भारतीय सेना बदलाव के ऐतिहासिक दौर से गुज़र रही है, जिसका उद्देश्य तीनों सेनाओं के बीच एकीकरण को मजबूत करना, ऑपरेशनल तालमेल को बढ़ाना और भविष्य की युद्ध संबंधी जरूरतों के हिसाब से क्षमताएं विकसित करना है.

> प्रमुख रक्षा अध्यक्ष ने जोर देकर कहा कि केवल संस्थागत सुधारों से ही अपेक्षित बदलाव हासिल नहीं किया जा सकता और इस प्रक्रिया की सफलता हर स्तर पर मौजूद कर्मियों के समर्पण, पेशेवर रवैये और सक्रिय भागीदारी पर भी उतनी ही निर्भर करती है. सभी रैंकों और सिविल कर्मचारियों से आग्रह किया कि वे नवाचार अपनाकर, कार्यप्रणालियों को साझा करके, तीनों सेनाओं में कार्यकुशलता व तालमेल को बेहतर बनाने के लिए तकनीक-आधारित समाधानों को अपनाकर संस्कृति को बढ़ावा देने में अपना योगदान दें.

# प्रतिदिन जनता की जेब पर डकैती

▸ बढ़ती ईंधन कीमतों पर खरगे का मोदी सरकार पर हमला

**नई दिल्ली 25 मई. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर हमला बोला है.**

सोशल मीडिया पर जारी बयान में कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि फ्यूल लूट का सिलसिला अभी खत्म नहीं हुआ है और पिछले 10 दिनों में चौथी बार पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाए गए हैं. श्री खरगे ने कहा कि पिछले दो सप्ताह में पेट्रोल की कीमतों में कुल 7.35 रुपये प्रति लीटर और डीजल में 7.53 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हो चुकी है. उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने



आम लोगों की बचत को जलाने के लिए पेट्रोल छिड़क दिया है. कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि वर्ष 2004-2014 में संयुक्त प्रगतिशील गंठबंधन सरकार के दौरान अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों में 175.34 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी, मोदी सरकार के कार्यकाल में अंतरराष्ट्रीय क्रूड ऑयल की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई. पेट्रोल की कीमत 71.41 रुपये से बढ़कर 102.12 रुपये और डीजल 56.71 रुपये से बढ़कर 95.20 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया.

### आज का इतिहास

- 1679- ब्रिटेन की संसद ने बन्दी प्रत्यक्षीकरण कानून पारित किया था, जिसे दुनिया का पहला मनुष्य की निजी आज़ादी का मानवाधिकार कानून माना जाता है.
- 1805- नेपोलियन को इटली के राजा का ताज पहनाया
- 1822- ग्रू चर्च में लगी आग में 116 लोगों की मौत. यह नॉर्वे के इतिहास में सबसे बड़ा अग्निकांड था.
- 1918 - जॉर्जिया का लोकतांत्रिक गणराज्य स्थापित किया गया था.
- 1926 - लेबनान में संविधान को अंगीकार किया गया.
- 1950- ब्रिटेन में पेट्रोल खरीदने पर लगी सीमा को खत्म कर दिया गया.

# कर की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण

▸ योगी ने कहा कि त्वरित समाधान की हो व्यवस्था

**लखनऊ, 25 मई. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि राज्य कर विभाग कर संग्रह बढ़ाने के साथ ईमानदार व्यापारियों को सुविधा, सम्मान और त्वरित समाधान की व्यवस्था सुनिश्चित करे.**

उन्होंने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर के लक्ष्य तक पहुंचाने में राज्य कर विभाग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है. विभाग को राजस्व वृद्धि के साथ विश्वास आधारित प्रशासन का मॉडल प्रस्तुत करना होगा. मुख्यमंत्री राज्य कर विभाग के शासन, मुख्यालय और फील्ड स्तरीय



अधिकारियों के साथ विशेष बैठक कर रहे थे. उन्होंने जोनवार अधिकारियों से सीधा संवाद कर प्रत्येक अधिकारी के कार्य प्रदर्शन की समीक्षा की.मुख्यमंत्री ने कर प्रणाली को सरल, डिजिटल और जवाबदेह बनाने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि जीएसटी पंजीयन, रिटर्न दाखिले, अपील निस्तारण और रिफंड प्रक्रियाओं में अनावश्यक विलंब समाप्त होना चाहिए. 21.82 लाख करदाताओं के साथ उत्तर प्रदेश देश में सबसे अधिक जीएसटी करदाताओं वाला राज्य बन गया है.

> मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि रिफंड व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी और त्वरित बनाया जाए ताकि व्यापारियों की कार्यशील पूंजी प्रभावित न हो. प्रदेश में रिफंड निस्तारण की औसत अवधि 27 दिन है, जबकि राष्ट्रीय औसत 48 दिन है. कर चोरी रोकने के साथ-साथ वैध व्यापार को प्रोत्साहन देना आवश्यक है. व्यापारियों के साथ निरंतर संवाद बनाए रखने, छोटे कारोबारियों को जागरूक करने तथा जिला एवं खंड स्तर तक करदाता सहायता कार्यक्रम चलाने के निर्देश दिए.

# इबोला संक्रमण से निपटने समीक्षा

**नयी दिल्ली, 25 मई. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने अफ्रीका के कुछ हिस्सों में हाल ही में सामने आए इबोला विषाणु संक्रमण के प्रकोप के मद्देनजर देश में इससे निपटने और एहतियाती उपायों की यहां सोमवार को समीक्षा की.**

भारत में इबोला संक्रमण का अभी तक मामला सामने नहीं आया है। समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव, आईसीएमआर के महानिदेशक, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक (डीजीएचएस), अतिरिक्त सचिव (सार्वजनिक स्वास्थ्य), निदेशक, एनसीडीसी और मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।इस बैठक में केंद्र सरकार ने अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों पर आवश्यक



प्रतिक्रिया उपायों को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया है और सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष चौकसी बरतने के निर्देश दिये गये है. स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपने परामर्श में कहा है कि कांगो, युगांडा और दक्षिण सूडान में बदलती स्थिति और विश्व स्वास्थ्य संगठन की सिफारिशों को देखते हुए, सभी भारतीय नागरिकों को अगली सूचना तक इन देशों की अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी जाती है.

### एक नजर में

## रूबियो ने पत्नी जेनेट के साथ किया ताजमहल का दीदार



**नई दिल्ली, 25 मई.** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो भारत दौरे के तीसरे दिन दुनिया के सात अजूबों में शामिल ताज महल का दीदार करने पहुंचे.उनके साथ पत्नी जेनेट डी. रूबियो, अमेरिका के उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रॉबर्ट गैब्रियल और भारत स्थित अमेरिकी दूतावास के राजदूत सर्जियो गोर भी थे. विशेष विमान से आगरा से जयपुर एयरपोर्ट पर पहुंचे. सोमवार को जयपुर में पूरा दिन गुजारने के बाद अगले दिन यानी मंगलवार की सुबह वो दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे.यहां वो क्वाड बैठक में शामिल होंगे.इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य भारत और अमेरिका के बीच व्यापार, रक्षा, ऊर्जा और रणनीतिक मामलों में सहयोग को और मजबूत करना है.

## आज लॉन्च होगी शिवराज की किताब 'अपनापन'

**नई दिल्ली, 25 मई.**केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की सद्य- प्रकाशित पुस्तक 'अपनापन' का लोकार्पण पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवगौड़ा की गरिमामयी उपस्थिति में पूर्व उपराष्ट्रपति श्री एम. वेंकैया नायडू द्वारा 26 मई को भारत रत्न सी. सुब्रमण्यम सभागार, एन.ए.एस.सी. कॉम्प्लैक्स, पूसा, नई दिल्ली में संपन्न होगा.इस भव्य कार्यक्रम में अनेक केंद्रीय मंत्री, राज्यपाल, अनेक प्रदेशों के मुख्यमंत्री, समाजधर्मी एवं लेखक-पत्रकार उपस्थिति होंगे. अपनापन' एक ऐसी आत्मीय और प्रेरणादायी कृति है, जिसमें श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के साथ विभिन्न भूमिकाओं में देखे, सीखे और आत्मसात् किए गए अनुभवों का सजीव संकलन प्रस्तुत किया गया है.

## अभिषेक बनर्जी के घर पहुंची कोलकाता पुलिस

**कोलकाता, 25 मई.** कोलकाता में सोमवार को तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी के आवास पर पुलिस पहुंची. भारी संख्या में पुलिस बल को उनके 188ए हरीश मुखर्जी रोड स्थित घर के बाहर तैनात देखा गया.यह कार्रवाई कथित अवैध निर्माण को लेकर कोलकाता म्युनिसिपल कारपोरेशन द्वारा जारी नोटिस के बाद हुई है. नगर निगम ने अभिषेक बनर्जी के आवास के कई हिस्सों में कथित अनधिकृत निर्माण को लेकर सात दिनों का नोटिस जारी किया था. सोमवार को उस नोटिस की समयसीमा समाप्त हो गई, जिसके बाद पुलिस टीम उनके आवास पहुंची.

# कश्मीर में एनआइए की ताबड़तोड़ छापेमारी

▸ प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी फिर सक्रिय

▸ नेटवर्क पर शिकंजा कसने की तैयारी

**नई दिल्ली, 25 मई. नेशनल इन्वेस्टीगेशन एजेंसी (एनआईए) ने जम्मू-कश्मीर में प्रतिबंधित संगठन जमात-ई-इस्लामी जम्मू एंड कश्मीर को दोबारा सक्रिय करने की कथित कोशिशों के मामले में सोमवार को बड़े स्तर पर छापेमारी की.**

यह कार्रवाई मध्य और दक्षिण कश्मीर के कई इलाकों में एक साथ की गई, जिसमें श्रीनगर और शोपियां प्रमुख केंद्र रहे. सूत्रों के मुताबिक, एनआइए की टीमों ने



श्रीनगर के लाल नजर इलाके और दक्षिण कश्मीर के शोपियां में कई स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया. एजेंसी ने शोपियां के इमाम साहिब इलाके में स्थित एक दारुल उलूम पर भी छापा मारा, जहां बड़ी संख्या में छात्र पढ़ाई करते हैं। इसके अलावा जमात-ए-इस्लामी के पूर्व प्रमुख शहजादा औरंगजेब के घर पर भी सर्च ऑपरेशन किया गया।केंद्र सरकार ने फरवरी 2024 में गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम 1967 की धारा 3(1) के तहत जमात-ए-इस्लामी जम्मू-कश्मीर पर पांच वर्षों के लिए प्रतिबंध को बढ़ा दिया था.

> जमात-ए-इस्लामी की स्थापना 1941 में हुई थी, जबकि जम्मू-कश्मीर इकाई का गठन 1953 में किया गया था. कश्मीर में अलगाववादी विचारधारा को बढ़ावा देने और आतंकी गतिविधियों को समर्थन देने के आरोप लगते रहे हैं. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि संगठन पर प्रतिबंध केंद्र सरकार की आतंकवाद और अलगाववाद के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' नीति का हिस्सा है.

## ईसी की प्रबंधन कार्यशाला में 12 देशों के प्रतिनिधि ले रहे भाग

**नयी दिल्ली, 25 मई.** चुनाव निकायों के वैश्विक मंच इंटरनेशनल आइडिया के सहयोग से भारत के चुनाव आयोग की मेजबानी में राजधानी में चुनाव जोखिम प्रबंधन एवं व्यवस्था की सशक्तता विषय पर आयोजित कार्यशाला में 12 देशों के 32 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं.इंटरनेशल आइडिया की अध्यक्षता अध्यक्षता इस वर्ष भारत के चुनाव आयोग के पास है. अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन संस्थान में 25 मई से 29 मई तक आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य चुनावी प्रक्रियाओं में संस्थागत सक्रियता और तैयारी और व्यवस्थाओं को अधिक सशक्त करना है, और चुनावी जोखिम संबंधी ढांचे, नीतियों और संचालन प्रणालियों को विकसित करने और उन्हें संस्थागत रूप देने में सहायता प्रदान करना है.

# गंगा दशहरा पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



**कौशांबी, 25 मई. उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले में गंगा दशहरा के पावन पर्व पर सोमवार को भोर से ही गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं का भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा.**

दोपहर तक एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर पूजा-अर्चना की और मां गंगा का आशीर्वाद प्राप्त किया. पर्व को लेकर घाटों पर धार्मिक उल्लास और श्रद्धा का वातावरण बना रहा. मान्यता है कि ज्येष्ठ शुक्ल दशमी के दिन मां गंगा का पृथ्वी पर अवतरण हुआ था. इसी कारण गंगा दशहरा के अवसर पर गंगा स्नान का विशेष महत्व माना जाता है.श्रद्धालुओं का विश्वास है कि इस दिन गंगा में स्नान करने से मनुष्य पापों से मुक्त होकर पुण्य लाभ प्राप्त करता है.

# कश्मीर में विकास को नयी गति मिली : जितेंद्र

▸ अनुच्छेद 370 हटने से जम्मू-कश्मीर में उत्साह

**जम्मू, 24 मई. केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने रविवार को दावा किया कि अनुच्छेद 370 हटने से जम्मू-कश्मीर में न केवल विकास को नयी गति मिली है, बल्कि लोगों की मानसिकता में भी बड़ा बदलाव आया है.**

कठुआ जिले के लखनपुर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के तहत आयोजित प्रशिक्षण शिविर में डॉ सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर में हुए क्रांतिकारी बदलावों का जिक्र किया. डॉ. सिंह ने कहा कि अनुच्छेद 370 की समाप्ति से जम्मू-कश्मीर में केवल विकास



ही नहीं हुआ, मानसिकता में भी बदलाव आया है. इससे यहां के लोगों में भारत के समान नागरिक होने की भावना सुदृढ़ हुई है. उन्होंने कहा कि इसके परिणामस्वरूप जनता के भीतर नया आत्मविश्वास, आत्मसम्मान और अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने का जज्बा पैदा हुआ है. उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में जम्मू-कश्मीर के युवाओं ने अपने भय पर विजय प्राप्त की है और देश भर में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है. अनुच्छेद 370 से जुड़े कानून के पारित होने के क्षणों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि वे खुद को भाग्यशाली मानते हैं कि वे उस ऐतिहासिक क्षण के गवाह बने.

> डॉ. सिंह ने ध्यान दिलाया कि हालांकि 2016 से राष्ट्रीय स्तर पर कई सरकारी पदों के लिए साक्षात्कारों समाप्त कर दिया गया था, अनुच्छेद 370 के कारण इस सुधार को जम्मू-कश्मीर में लागू नहीं किया जा सका था. उन्होंने पिछले वर्षों में होने वाले क्षेत्रीय भेदभाव के मुद्दे का भी जिक्र किया और कहा कि लोग अब सकारात्मक बदलाव देख रहे हैं. वर्ष 2014 से अब

**आईपीएल सट्टेबाजी के आरोप में तीन गिरफ्तार**-दिल्ली पुलिस ने शहर के मधु विहार इलाके में आईपीएल टी-20 मैचों के दौरान कथित तौर पर ऑनलाइन सट्टेबाजी रैकेट चलाने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है.


**कार्यालय नगर पालिक निगम, रीवा (म0प्र0)**

क्रमांक 1420./न.पा.नि./राजस्व/2026-27
रीवा,दिनांक 22/05/2026

**अचल सम्पत्ति नामान्तरण विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व नगर सुधार न्यास रीवा की योजना क्रमांक 7 यातायात नगर रीवा जो नगर पालिक निगम रीवा के स्वामित्व में है, में स्थित भूखण्ड क्रमांक एस/378 क्षेत्रफल 166.95 वर्गमीटर श्री सत्यम साहू पिता श्री स्व0 सुरेश साहू निवासी तानसेन काम्पलेक्स सिरमौर चौराहा रीवा (म0प्र0) को 30 वर्षीय लीज पर आवंटित है जिसका नामान्तरण श्री सरताज अली खान पिता श्री शमीम खान निवासी पचमठा चौराहा घोघर जिला रीवा (म0प्र0) के नाम किये जाने हेतु दिनांक 31.03.2026 को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है.

उक्त स्थित भूखण्ड क्रमांक एस/378 क्षेत्रफल 166.95 वर्गमीटर के नामान्तरण में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो, तो समाचार पत्रों में इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 15 दिवस की अवधि तक कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा में प्रमाणित अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं. निर्धारित समयावधि के पश्चात् कोई आवेदन/आपत्ति न तो ग्रहण की जावेगी और न ही मान्य की जावेगी. तत्पश्चात् आवेदक श्री सत्यम साहू पिता श्री स्व0 सुरेश साहू निवासी तानसेन काम्पलेक्स सिरमौर चौराहा रीवा (म0प्र0) के आवेदन अनुसार स्थित भूखण्ड क्रमांक एस / 378 क्षेत्रफल 166.95 वर्गमीटर का नामान्तरण श्री सरताज अली खान पिता श्री शमीम खान निवासी पचमठा चौराहा घोघर जिला रीवा (म0प्र0) के नाम करने की कार्यवाही की जावेगी.

**उपायुक्त (राजस्व)**
**नगर पालिक निगम**
**रीवा, (म.प्र.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी तहसील रामपुर बाघेलान जिला सतना म0प्र0**

19/ 25.5.26 रा0प्र0क्र0......

1- नारेन्द्र सिंह तनय लक्ष्मण सिंह. 2- पुष्पेन्द्र सिंह तनय जयकरण सिंह, 3- वीरेन्द्र सिंह तनय जयकरण सिंह, 4- दीपेन्द्र सिंह तनय नारेन्द्र सिंह, 5- विकास नारायण सिंह तनय रामलाल सिंह, 6- प्रकाश नारायण सिंह तनय रामलाल सिंह, 7- सीता सिंह पति जयवीर सिंह, 8- धर्मेन्द्र सिंह तनय जयवीर सिंह, सभी निवासी ग्राम गौहारी तहसील रामपुर बाघेलान जिला सतना म0प्र0

.....**आवेदकगण**

**बनाम**

1- चन्द्रभान मल्लाह तनय बेटालाल मल्लाह निवासी ग्राम गौहारी तहसील रामुपर बाघेलान जिला सतना म0प्र0-

.....**अनावेदक**

**प्रेस विज्ञप्ति**

आवेदकगण द्वारा न्यायालय नायब तहसीलदार वृत्त चोरहटा तहसील रामपुर बाघेलान जिला सतना म0प्र0 के राजस्व प्रकरण क्र. 0021अ70/2025-26 आदेश दिनांक 24-10-2025 के पालन कराये जाने के वावजूद अनावेदक द्वारा पुनः जोतकर बेजा कब्जा किया गया है इसलिये अनावेदक चन्द्रभान मल्लाह के विरूद्ध सिविल जेल की कार्यवाही किये जाने के लिये आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया जिसके संबंध में अनावेदक को सूचना जारी की गयी लेकिन अनावेदक द्वारा सूचना लेने से इंकार किया गया इसलिये अनावेदक की व्यक्तिसह तामिली नहीं हो पा रही है। प्रकरण में कार्यवाही हेतु अनावेदक की व्यक्तिसह तामिली आवश्यक है इसलिये जरिये समाचार पत्र के माध्यम से अनावेदक को सूचित किया जाता है कि अनावेदक स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तारीख पेशी दिनांक 03/06/2026 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष समर्थन करें अन्यथा की दशा में अनावेदक के विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी जिसके लिये अनावेदक स्वतः जिम्मेदार होगा। यह प्रेश विज्ञप्ति मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की पद मुद्रा से जारी।

पेशी दिनांक- 03/06/2026
जारी दिनांक- 25/5/26

**अनुविभागीय अधिकारी**
**रामपुर बाघेलान जिला सतना (म.प्र.)**


राष्ट्रीय पुरस्कार ▸ पद्म विभूषण एवं पद्म भूषण सम्मान 2026

# 66 हस्तियों में अभिनेता धर्मेंद्र को मरणोपरांत पद्म विभूषण

▸ वर्ल्ड कप जीत में अहम भूमिका के लिए पद्मश्री हरमिंदर कौर को

**नई दिल्ली, 25 मई. राष्ट्रपति भवन में आयोजित पद्म पुरस्कार समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 66 हस्तियों को सम्मानित किया.**

दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र को मरणोपरांत पद्म विभूषण दिया गया, जिसे उनकी पत्नी हेमा मालिनी ने भावुक माहौल में रिसीव किया. वहीं भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को टीम को वर्ल्ड कप जिताने में अहम भूमिका निभाने के लिए पद्मश्री से सम्मानित किया गया.





समारोह में विज्ञापन जगत के दिग्गज पियूष पांडेय को मरणोपरांत पद्म भूषण समेत कई हस्तियों को कला, साहित्य, समाज सेवा, शिक्षा और खेल में योगदान के लिए सम्मान मिला.

### पद्म विभूषण सम्मान

- दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र - कला क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए
- के.टी. थॉमस -पब्लिक अफेयर्स के लिए
- एन. राजम -कला
- पी. नारायण को शिक्षा-साहित्य क्षेत्र
- वी.एस. अचथनन्दन को पब्लिक अफेयर्स में योगदान के लिए

### पद्म भूषण सम्मान

- अलका याग्निक - कला
- भगतसिंह कोश्यारी- पब्लिक अफेयर्स
- कालीपट्टी रामासामी जानिस्वामी मेडिसिन
- माम्मूटी - कला
- डॉ. नारी दत्तात्रेयुडू - मेडिसिन
- पियूष पांडेय -कला (मरणोपरांत)
- एस.के.एम.मिललानंदन-सोशल वर्क
- शतावधानी आर. गणेश-कला
- शिबू सोरेन - पब्लिक अफेयर्स (मरणोपरांत)
- उदय कोटक - इंडस्ट्री
- वी.के.मल्होत्रा - पब्लिक अफेयर्स (मरणोपरांत)
- वेल्लप्पल्ली नटेसन- पब्लिक अफेयर्स
- विजय अमृतराज - खेल

### पद्म श्री सम्मान 2026

- दिवंगत हरमनप्रीत कौर- खेल, पंजाब
- इंदरजीत सिंह सिद्धू- समाज सेवा, चंडीगढ़
- रोहित शर्मा - खेल, महाराष्ट्र
- एस.जी. सुशीलम्मा-समाज सेवा,कर्नाटक
- सविता पुनिआ- खेल, हरियाणा
- श्याम सुन्दर-चिकित्सा, उत्तर प्रदेश
- डॉ. सुरेश हंगवादी-चिकित्सा, कर्नाटक


**कार्यालय नगर पालिक निगम, खण्डवा**

क्रमांक/ज.वि.वि./2026/102 खण्डवा, दिनांक 21/05/2026

**तृतीय ई-निविदा विज्ञप्ति**

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केंद्रीयकृत व्यवस्था में पंजीकृत ठेकेदारों के लिये निम्नलिखित कार्य हेतु निविदाएं ऑनलाईन आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य की निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_509579_1 | जल परिवहन कार्य हेतु ट्रैक्टर किराये पर लगाये जाने संबंध में। | 17.67 लाख | 13253/- | 2000/- | 12 माह |

निविदा ऑनलाइन क्रय एवं प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक :- 02/06/2026 (शाम 5:30 बजे तक)
निविदा खोलने की दिनांक :- 04/06/2026 (प्रातः 10:30 बजे तक)

निविदा संबंधी समस्त जानकारी वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा में यदि कोई संशोधन होता है तो वह ऑनलाइन पोर्टल पर प्रदर्शित होगा, उसे पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम खण्डवा